Sanmarg

Kolkata - Aug 21, 2019

Page No:	11
Page Name:	Business
Size:	139 sq. cm
AVE:	INR 47,217
Type:	Newspaper
Language:	Hindi
Circulation:	95,992
Frequency:	Daily

News monitored for: Emami Group

Title: Emami also entered the spice market in the name of Mantra

मंत्रा के नाम से मसालों के बाजार में भी उतरी इमामी

सन्मार्ग सवंददाता, कोलकाता : इमामी एग्रोटेक लीमिटेड ने मसालों के बाजार में उतरने की घोषणा की है। इसके तहत कंपनी ने इमामी हेल्दी एंड टेस्टी मंत्रा मसाला ब्रांड लॉन्च किया है। इमामी ग्रुप के **निदेशक आदित्य वी. अग्रवाल** ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार **अनन्या चटर्जी** के साथ इमामी के नये पाउडर मसाले और टेस्टमेकर को लॉन्च किया। मंत्रा मसाले के लिए अनन्या को ही ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है।

मसालों की श्रेणी पर बात करते हुए अग्रवाल ने कहा कि हम हेल्दी एंड टेस्टी मंत्रा मसाले के तहत 12 मसालों को मार्केट में लेकर आए हैं और इस वित्तीय वर्ष के अंत तक हमारा लक्ष्य 3 प्रतिशत मार्केट शेयर पा लेना है। मसालों की पहली श्रेणी में मिर्च, हल्दी, धनिया एवं दूसरी श्रेणी में चिकन, मीट, दलना, मलाईकरी और शाही गर्म मसालों को रखा गया है। मसालों के साथ टेस्टमेकर्स को भी इंडियन, चाइनीज और इटैलियन की तीन अलग-अलग श्रेणियों में डाला गया है। अग्रवाल ने बताया कि आने वाले पांच सालों में हमारे कारोबार में 1500 करोड़ रुपए की वृद्धि की संभावना है।

फिलहाल इन मसालों को केवल पश्चिम बंगाल में ही लॉन्च किया जाएगा और राज्य में ये 40 से 50 हजार आउटलेट, मॉडर्न ट्रेड और ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। बंगाल का ब्रांडेड मसाला बाजार 11 हजार करोड़ रुपये का है जो 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। आने वाले 12 से 18 महीनों में हम इन मसालों को पूरे भारत में लॉन्च कर देंगे। अग्रवाल ने बताया कि इस नये ब्रांड के लिए हमने बहुत बड़ा निवेश किया है, जिससे उपभोक्ता तक किसी प्रिजर्वेटिव या रंग की मिलावट के बिना पूरी तरह प्राकृतिक मसाले पहुंचाए जाएंगे। इसके लिए हल्दिया में आधुनिक प्लांट लगाया गया है। इससे पहले चरण में करीब 200 लोगों को सीधा रोजगार मिला है। ग्राहकों की सुविधा के लिए छोटे पैकेट भी मार्केट में बेचे जाएंगे जिसकी कीमत 5 रुपए होगी।

© Sanmarg

www.sanmarg.in